अपर उपायुक्त का न्यायालय, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।

कोल्हान मुद्रा वाद संख्या– 20/1990

बैंक ऑफ इंडिया वनाम एम०एस० प्रिंस रेडियो एवं अन्य।

आदेश की क्रम संख्या और तारिख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी, और तारिख

आदेश

यह वाद बैंक ऑफ इंडिया, एक्सप्रैस टावरस, नरिमन पोइंट, बोम्बाई–400021 एवं शाखा कार्यालय– शाखा प्रबंधक, गुवा, थाना एवं पोस्ट– गुवा, परगना–कोल्हान, जिला– पश्चिमी सिंहभूम द्वारा दिनांक– 11.12.1990 को प्रतिवादी संख्या –1 एम०एस० प्रिंस रेडियो, मूल प्रोपराइटर स्व० इन्द्रपाल सिंह, वर्तमान मालिक श्रीमति स्वर्ण कोर, पति– स्व० भगत सिंह, निवासी बड़ा जामदा, थाना+पो०– बड़ा जामदा, जिला– पश्चिमी सिंहभूम, प्रतिवादी संख्या– 2 श्रीमति स्वर्ण कोर, पति– स्व० सरदार भगत सिंह, निवासी बड़ा जामदा, पो०+थाना– बड़ा जामदा, जिला– पश्चिमी सिंहभूम एवं प्रतिवादी संख्या– 3 महेश कुमार अथा, पिता– एल०के० अथा, निवासी गुवा, थाना+पो०– गुवाख परगना– कोल्हान, जिला– पश्चिमी सिंहभूम द्वारा बैंक से लिये गये ऋण के विरूद्ध यह मुद्रा वाद दायर किया गया है। इस वाद में बैंक की ओर से उनके अधिवक्ता द्वारा सिर्फ हाजरी दी जाती है। लेकिन सुनवाई हेतु निर्धारित किसी भी तिथि को उपस्थित होकर अपना पक्ष नहीं रखने के कारण देनदार से ऋण की राशि वसूली हेतु अग्रेतर कार्रवाई नहीं हो पाता है। यह वाद दायर होने के बाद प्रतिवादी (देनदार) एक बार भी न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष नहीं रखने के कारण इस न्यायालय के पत्रांक– 86/न्या० दिनांक– 18.11.2021 द्वारा अंचल अधिकारी, नोवामुण्डी को देनदार से नोटिस तामिला हेतु भेजा गया तथा देनदार को भी उनके पते पर निबंधित डाक से भी नोटिस भेजा गया। सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि 02.12.2021 को वादी के अधिवक्ता की ओर से हाजरी दी गई लेकिन वादी के अधिवक्ता या उनके कोई भी प्रतिनिधि द्वारा सुनवाई के समय अपना पक्ष नहीं रखा जाता है। इससे प्रतीत होता है कि उभंय पक्षों को इस वाद में कोई अभिरूची नहीं है।

अतः उपरोक्त परिस्थिति एवं अभिलेख में संलग्न साक्ष्य के आधार पर इस वाद को खारीज करते हुए वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है।

लेखापित एवं संशोधित।

Digitally signed by Santosh Kumar Sinha
Date: 2021.12.09 12:10:28 +05:30
Location: 10.93.66.37

अपर उपायुक्त,
पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।

02.12.2021
अपर उपायुक्त,
पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा

Scanned with CamScanner